पत्र संख्या-स्था-1-चल-अचल सम्पत्ति/2023-24/ 23 /वाणिज्य कर

कार्यालय आयुक्त राज्य कर, उत्तर प्रदेश
(स्थापना राजपत्रित अनुभाग)
लखनऊ//दिनांक-05/4/ /2023

समस्त अपर आयुक्त ग्रेड-1/ग्रेड-2, राज्य कर उत्तर प्रदेश/अपर निदेशक, राज्य कर प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर लखनऊ।
समस्त संयुक्त आयुक्त/ उपायुक्त/ सहायक आयुक्त राज्य कर उत्तर प्रदेश।
समस्त राज्य कर अधिकारी, राज्य कर उत्तर प्रदेश।
समस्त संयुक्त निदेशक/ उप निदेशक/ सांख्यिकीय अधिकारी/
अपर सांख्यिकीय अधिकारी, राज्य कर उत्तर प्रदेश।

कृपया शासन के कार्मिक अनुभाग-1 पत्र संख्या-9/1/1973-कार्मिक-1, दिनांक 24.10.1978 तथा पत्र संख्या-13/18/1985-कार्मिक-1, दिनांक 15.07.1985 के क्रम में मुख्यालय के पत्र संख्या-11 दिनांक 02.04.2014 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें, जिसके द्वारा वाणिज्य कर विभाग के अन्तर्गत कार्यरत समस्त अधिकारियों के चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा प्रत्येक 05 वर्ष के अन्तराल के स्थान पर प्रत्येक वित्तीय वर्ष की समाप्ति पर प्रस्तुत करने के निर्देश निर्गत किए गये थे साथ ही सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा अपने वार्षिक कार्य विवरण के साथ भी प्रत्येक वर्ष चल/अचल सम्पत्ति की घोषणा निर्धारित प्रारुप में प्रेषित किये जाने की अपेक्षा की गयी थी।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में उपरोक्त सन्दर्भित समस्त अधिकारियों (पूर्व मनोरंजन कर विभाग से वाणिज्य कर विभाग में आये हुए समस्त अधिकारियों सहित) को निर्देशित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष 2022-23 से सम्बन्धित अपना चल/अचल सम्पत्ति का विवरण अपने लाग-इन आई0डी0 से विभागीय ई0आई0एम0एस0 माड्यूल में प्रापर्टी डिटेल्स एंट्री में जाकर सम्बन्धित वित्तीय वर्ष का चयन करते हुए अपने सम्पत्ति विवरण को अनिवार्य रूप से दिनांक 30.04.2023 तक फीड करना सुनिश्चित करेंगे।

(मिनिस्ती एस0)
आयुक्त राज्य कर
उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पृष्ठांकन पत्र संख्या एवं दिनांक उक्त।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु:-
1-संयुक्त आयुक्त (आई0टी0) राज्य कर मुख्यालय लखनऊ को विभागीय वेबसाईट पर प्रदर्शित करने एवं विवरण फीडिंग किये जाने सम्बन्धी पोर्टल खोले जाने हेतु।
2-कम्पयूटर आपरेटर स्थापना राजपत्रित अनुभाग।

(श्याम प्रसाद)
संयुक्त आयुक्त (स्था0राज0)
राज्य कर मुख्यालय।

चल / अचल सम्पत्ति का विवरण वित्तीय वर्ष 2022-23

घोषणा पत्र का प्रारुप

(नियम-24)

(क)

(उन व्यक्तियों के लिये जो किसी चल/अचल सम्पत्ति के स्वामी न हो)

मैं एतद्द्वारा घोषित करता/करती हूँ कि मेरे पास कोई चल/अचल सम्पत्ति नहीं है। यदि उसके पश्चात मै कोई चल सम्पत्ति अर्जित करूँगा तो मैं संबंधित अवधि की वार्षिक योजना में उस तथ्य को घोषित करूँगा।

हस्ताक्षर..

पूरा नाम ....

पूरा पदनाम ....

दिनांक ....

(ख)

(उन व्यक्तियों के लिए जो चल/अचल सम्पत्ति के स्वामी है)

मै एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे पास निम्नलिखित चल/अचल सम्पत्ति है :-

भू-सम्पत्ति

भूमि जिस जिले में है	गॉव/तहसील	क्षेत्रफल एकड़ में	अर्जित या पैतृक यदि हो तो अर्जित करने का दिनांक	वार्षिक राजस्व	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7

....

गृह-सम्पत्ति

क्र0सं0	गृह, ग्राम, कस्बा या नगर	पो0 स्थित जिला	गृह की संख्या	भवन अर्जित या पैतृक है तो अर्जित करने का दिनांक	भवन स्वयं के प्रयोजन के लिए / काम में आता है अथवा किराये पर दिया गया है	वार्षिक किराया	अनुमानित मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7	8	9

....

यदि मै भविष्य में और चल/अचल सम्पत्ति अर्जित करुगा तो संबंधित अवधि को वार्षिक योजना में तथ्य की घोषणा करुँगा।

हस्ताक्षर..

पूरा नाम ....

पूरा पदनाम ....

दिनांक ....

विशेष अचल सम्पत्ति में बंधक या पटटे पर रखे गये गृह या भू-सम्पत्ति भी सम्मिलित है।
किसी भी अधिकारी की पत्नी या उनके परिवार के अन्य व्यक्ति द्वारा जो सम्मिलित परिवार में हो या साथ रहता हो, या किसी प्रकार उस पर आश्रित हो, रखी गयी या उसकी ओर से अर्जित की जानेवाली सम्पत्ति इस घोषणा के प्रयोजनार्थ अधिकारी द्वारा स्वयं रखी गयी तथा उसके द्वारा की गयी समझी जायेगी।

(ग)

उन लोगों के लिए जिनके अंश या विनिधान नहीं है में एतद्द्वारा घोषणा करता हूँ कि मैं किसी अंश या किसी अन्य विनिधान (स्वामी नहीं हूँ) इसके पश्चात यदि मै कोई अंश अर्जित करता हूँ तो मै संबंधित अवधि के लिए पंचवर्षीय योजना में उस तथ्य को घोषित करुंगा।

हस्ताक्षर...
पूरा नाम ....
पूरा पदनाम ....
दिनांक ....

उन व्यक्तियों के लिए जो अंशों के स्वामी हो या जिनके अन्य विनिधान हो। मैं एतद्द्वारा घोषित करता हूँ कि मेरे निम्नलिखित अंश एवं विनिधान है :-

अंश

क्र0सं0	विवरण	अर्जित करने का दिनांक	प्रत्येक अंश का मूल्य	अंशों की संख्या	अंशों का कुल मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5	6	7

विनिधान

क्र0सं0	विवरण	विनिधान करने का दिनांक	मूल्य	विशेष विवरण
1	2	3	4	5

यदि मै और अंश अर्जित करता हूँ या अन्य विनिधान करता हूँ तो मै संबंधित अवधि के लिए वार्षिक योजना में उस तथ्य को घोषित करुंगा।

हस्ताक्षर...
पूरा नाम ....
पूरा पदनाम ....
दिनांक ....